हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 दिसंबर 2025



07 सांसद एवं भारत स्काउट गाइड की प्रदेश ...



08 शासकीय कॉलेज ने चलाया कॉलेज चलो ...




## खबर संक्षेप

### देहात थाना पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को कुछ ही घंटों में खोजकर परिजनों को सौंप दिया। 22 दिसंबर को थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय बालिका के गुम होने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपराध पंजीबद्ध होने से पहले ही विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सतर्कता और सक्रियता से उसी दिन बालिका को सुरक्षित खोज निकाला गया। बालिका को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### संजय प्रदेश संयोजक राजेश उपाध्यक्ष बने

**विदिशा।** ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन में विदिशा सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चौधरी को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री राजेश सोनी खुबाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य के रूप राजेश सर्राफ, रूपेश गर्ग, रोहित अग्रवाल को चुना गया। प्रदेश संगठन में प्रतिनिधित्व मिलने से विदिशा के सर्राफा व्यापारियों मजबूती मिलेगी। निर्वाचित पदाधिकारियों को मनमोहन अग्रवाल, हीरालाल रघुवंशी , राजेन्द्र स्वर्णकार, संजीव भंडारी, दीपक सोनी, पवन जैन, ह्देश सोनी, बृजेन्द्र सोनी, रमेश सोनी, लोकेश चौधरी, मुकेश भंवर, अनुराग गोयल, वैभव सर्राफ, मनीष अग्रवाल, कमलेश सोनी, घनश्याम अग्रवाल, अंशुल लश्करी ने बधाई दी है।

### फ्लाइंग ऑफिसर बने तनवी व निमित्त का कलेक्टर ने किया सम्मान

**विदिशा।** भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित तनवी श्रीवास्तव एवं निमित्त रघुवंशी का कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट में अभिनंदन किया। उन्होंने दोनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदिशा के युवाओं के लिए रोल मॉडल बताया। कलेक्टर ने छात्रों को सेना व प्रशासनिक सेवाओं में चयन की चुनौतियों से अवगत कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संघ के जिला व संभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नवोदय में रजत जयंती एलुमनाई मीट आयोजित

**शमशाबाद।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय भव्य एलुमनाई मीट एवं पूर्व छात्र–शिक्षक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1999–2000 बैच सहित विभिन्न वर्षों के 300 से अधिक पूर्व छात्र और शिक्षक शामिल हुए। अनौपचारिक सत्र में करीब 80 पूर्व छात्रों ने कैम्प फायर के बीच स्मृतियां साझा कीं, वहीं गीत–संगीत, नृत्य और सामूहिक भोजन ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षा, प्रशासन और चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र मौजूद रहे। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### मंदिर निर्माण के दौरान पथराव के विरोध में श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** मोहनगिरि माता मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों ने मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्या को लेकर गुहार लगाई। रहवासियों का कहना है कि 7 दिन पहले गणेश मंदिर निर्माण के दौरान विवाद हुआ था, जिसमें पथराव की घटना भी सामने आई, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने आरोप लगाया कि रघुवंशी परिवार द्वारा मंदिर पर कब्जे का दावा किया जा रहा है और सोशल मीडिया पर मोहल्ले के खिलाफ अनर्गल टिप्पणियां की जा रही है। रहवासियों ने कहा कि यदि कब्जे से जुड़े वैध कागजात हैं तो प्रस्तुत किए जाएं, अन्यथा मंदिर निर्माण की अनुमति दी जाए।

## एसआईआर 2026: 21 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# 68 हजार 83 नाम हटाए, 15 हजार 502 वोटर को दस्तावेज दिखाने दिया मौका

**जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 1347 से बढ़कर 1448 हो गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर 2026 की प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए हटाए गए मतदाताओं का ब्योरा प्रस्तुत किया। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दावे आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो 22 जनवरी तक चलेगी।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एडीएम अनिल कुमार डामोर, उप निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन मौजूद रहीं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 101 नवीन मतदान केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही जिले में मतदान केंद्रों की संख्या 1347 से बढ़कर 1448 हो गई है। इनमें शहरी क्षेत्र में 302 और ग्रामीण क्षेत्र में 1146 मतदान केंद्र शामिल हैं। सभी नए केंद्रों के लिए संबंधित ईआरओ द्वारा बीएलओ की नियुक्ति कर दी गई है। एसआईआर 2026 के दौरान अब तक जिले में कुल 68 हजार 83 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 19 हजार 75 नाम विदिशा विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए हैं। इसके अलावा बासौदा में 11 हजार 789, कुरवाई में 12 हजार 368 सिरोंज में 14 हजार 617 तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार 234 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। जिले का जेंडर रेशो 900 तथा ईपी रेशो 59.69 प्रतिशत है।

**22 जनवरी तक कर सकते हैं दावे–आपत्तियां**



विदिशा। बैठक के दौरान मतदाताओं के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर।

### कुल कितने मतदाता और कितनों की मेपिंग नहीं

| विधानसभा | कुल मतदाता | मेपिंग नहीं |
|---|---|---|
| विदिशा | 231438 | 8515 |
| बासौदा | 215917 | 2449 |
| कुरवाई | 240622 | 1890 |
| सिरोंज | 226424 | 2112 |
| शमशाबाद | 206131 | 536 |
| योग | 1120532 | 15502 |

जिलेभर में 15 हजार 502 नाम ऐसे हैं जिनकी मेपिंग नहीं हो सकी है ऐसे वोटरों को 13 दस्तावेजों में कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

### 13 हजार से अधिक है मृत वोटरों की संख्या

पुनरीक्षण के दौरान मृत मतदाताओं की संख्या 13 हजार 884, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 40 हजार 394, अनुपस्थित पाए गए मतदाता 11 हजार 77 तथा दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाता 2 हजार 459 पाए गए हैं। अन्य कारणों से 269 मतदाता चिन्हित किए गए हैं। जिले के कुल 11 लाख 20 हजार 532 मतदाताओं में से 10 लाख 52 हजार 449 का बीएलओ द्वारा सत्यापन किया जा चुका है, नॉन मैपिंग मतदाताओं की संख्या 15 हजार 502 है।

### 12 हजार 270 मतदाता पहली बार डालेंगे वोट

उप निर्वाचन अधिकारी अनुभा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलेभर में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10 हजार 176 है। वहीं पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाता की उम्र 18 से 19 वर्ष की उनकी संख्या 12 हजार 270 नए मतदाता जुड़े हैं, जबकि 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता 2 लाख 72 हजार 917 हैं। जिलेभर में 85 साल से अधिक आयु के 7 हजार 505 तथा 399 सर्विस मतदाता भी सूची में शामिल हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

# विहिप-बजरंग दल ने पुतला फूंका सरकार से की कार्रवाई की मांग



विदिशा। माधवगंज पर प्रदर्शन कर पुतला दहन करते हुए संगठन के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों और हत्याओं के विरोध में मंगलवार को विहिप और बजरंग दल ने माधवगंज चौराहे पर बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंक डाला।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही कथित हिंसा और अत्याचार की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। उनका कहना था कि हत्याएं, मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं और अन्य हिंसक वारदातें अमानवीय हैं, जिन पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि इस मुद्दे पर कड़े और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### हिंदुओं को बनाया जा रहा है निशाना

बजरंग दल के जिला संयोजक सपन दिलेरिया ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टर मानसिकता के लोगों द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मंदिरों के साथ-साथ पत्रकारों पर भी हमले हो रहे हैं। हाल ही में एक हिंदू युवक की कथित निर्मम हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी घटना के विरोध में पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मांग की कि बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता ने किया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय विज्ञान मेला लगाया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल शाह, एसएटीआई के प्रोफेसर केके पंजाबी मौजूद रहे। समापन पर विधायक मुकेश टंडन भी पहुंचे। मेले में जिले के 7 विकासखंडों से कुल 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय विज्ञान मेले में छात्रों की नवाचार क्षमता से जनप्रतिनिधि प्रभावित हुए। निर्णायक मंडल द्वारा 3 विधाओं में परिणाम घोषित किए गए। कृषि नवाचार में प्रथम हर्षित रैकवार संदीपनी बरईपुरा व द्वितीय महिमा लोधी शासकीय उमावि अहमदपुर रहीं।

नवीन विज्ञान में प्रथम विकास साहू संदीपनी विदिशा व द्वितीय तनीषा सेन कन्या सिरोंज रहीं। दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग में प्रथम पवन अहिरवार उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा व द्वितीय विपिन धाकड़ नटेरन रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच की सराहना की।

### विहिप- बजरंग दल ने पुतला दहन किया

**कुरवाई।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बीना तिराहे पर जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन किया। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या और जिहादियों द्वारा पेड़ पर लटका कर जिंदा जला दिया गया। विहिप बजरंगदल के पदाधिकारियों ने कहा कि पड़ोसी देशों में जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की है।

## निरीक्षण में उजागर हुआ मामला: निगम ने भेजा गेहूं का खराब बीज, वापस करने एसडीएम ने भेजा पत्र

**ग्यारसपुर में लोक सेवा केंद्र व कृषि विभाग का एसडीएम, तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

एसडीएम शशि मिश्रा एवं तहसीलदार सौरव मालवीय ने मंगलवार को लोक सेवा केंद्र एवं कृषि विभाग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कृषि विभाग से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया। ग्यारसपुर में निगम द्वारा भेजे गए गेहूं के बीज गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं थे।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल ने बताया कि बीज की वीडियोग्राफी कर ली गई है। खराब गुणवत्ता वाले बीज को वापस करने के लिए संबंधित निगम को पत्र भेजा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों के साथ कोई समझोता नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं लोक सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान आम जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए केंद्र के बाहर फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

## एसएटीआई में 6 दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ

**अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में 6 दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ।

यह कार्यशाला सिविल इंजीनियरिंग में सतत विकास हेतु एआई की भूमिका विषय पर आधारित है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक सहभागिता कर रहे हैं। कार्यशाला के दौरान देश के प्रतिष्ठित एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़े ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ सिविल इंजीनियरिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, संभावनाओं और नवाचारों पर व्याख्यान देंगे। उद्घाटन समारोह में संस्था के निदेशक डॉ. वायके जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में एआईसीटी आइडिया लैब के कोऑर्डिनेटरडॉ. पंकज अग्रवाल, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव जैन, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. संजय भंडारी एवं डॉ. एसएस गोलिया शामिल रहे। डॉ. गोलिया ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे सिविल इंजीनियरिंग के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मुख्य अतिथि डॉ. जैन ने प्रतिभागियों से एआई की भूमिका को गंभीरता से समझने और उसके प्रयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शुभा खत्री ने किया तथा आभार डॉ. बबलू किरार ने माना।

### ज्ञापन सौंपा: छात्रवृत्ति नहीं मिलने के कारण फीस तक नहीं भर पा रहे

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज विदिशा में पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत प्रवेश लिया था, लेकिन कॉलेज द्वारा दस्तावेजों में उनका प्रवेश सत्र 2023-24 दर्शाया गया है। इस तकनीकी त्रुटि के कारण उनकी छात्रवृत्ति स्वीकृत नहीं हो पा रही है। छात्रों ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के भरोसे ही प्रवेश लिया था, ताकि उसी राशि से कॉलेज की फीस जमा कर सकें। अब छात्रवृत्ति नहीं मिलने से उनके पास फीस भरने के लिए धन नहीं है। स्थिति यह है कि फीस जमा न होने पर वे परीक्षा में भी शामिल नहीं हो पाएंगे, जिससे उनका पूरा शैक्षणिक वर्ष खराब होने की आशंका है।

## शमशाबाद में कपड़ा व्यापारी के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट का मामला गरमाया

# रैली निकाली, विरोध जताया: ज्ञापन देकर व्यापारियों ने कहा पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करें, नहीं तो बंद करे देंगे बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद में कपड़ा व्यापारी के साथ मारपीट का मामला गरमा गया है। थाना परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलवार को व्यापार महासंघ ने रैली निकालकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापार महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो शमशाबाद का पूरा बाजार बंद कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पीड़ित व्यापारी बलराम साहू ने आरोप लगाया कि 20 दिसंबर को पुलिसकर्मियों ने उन्हें एक मामले में पूछताछ के बहाने थाने बुलाया था।



वहां बंद कमरे में उनके साथ मारपीट की गई और उनके पास रखे नकदी रुपए भी छीन लिए।

**यह है पूरा मामला:** लगभग 5 महीने पहले बलराम साहू अपने परिचित शिवलाल अहिरवार को 60 हजार रुपए ब्याज पर दिए थे, जिसके बदले में एक पिकअप वाहन गिरवी रखा गया था। 2 महीने बाद शिवलाल ने उसी पिकअप की चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी, जिसके बाद पुलिस ने वाहन को थाने में खड़ा करवा लिया। वाहन 3 महीने तक थाने में खड़ा रहा। बाद में थाना प्रभारी ने बलराम साहू को पैसे लौटाने के नाम पर थाने बुलाया, जहां उनसे 3 महीने का पिकअप किराया 45 हजार रुपए मांगा गया। रकम देने से इनकार करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मारपीट के बाद पुलिस ने बलराम साहू के खिलाफ ही मामला दर्ज कर लिया, जिसके बाद परिजनों को एसडीएम कार्यालय से जमानत करानी पड़ी। इधर एसडीएम अजय पटेल और एसडीओपी अमरेश बोहरे ने व्यापारियों को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। व्यापार महासंघ ने शाम को बड़ी बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय करने की बात कही है।

## पुलिस ने जारी की यातायात एडवाइजरी, नियमों का करें पालन

# कोहरे में लापरवाही बन सकती है जानलेवा

**नियमों का पालन करने से ही मिल सकती है सुरक्षा की गारंटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

यातायात नियमों की अनदेखी केवल चालान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह मासूम जानों की कीमत भी वसूल करती है। सवाल सिर्फ पुलिस कार्रवाई का नहीं, बल्कि उन सैकड़ों मौतों और उजड़ते परिवारों का है, जो सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में घने कोहरे के कारण की गई छोटी सी चूक किसी की पूरी जिंदगी छीन सकती है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा यातायात थाना प्रभारी आशीष राय के नेतृत्व में विदिशा पुलिस द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों के लिए विशेष यातायात एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में प्रातः एवं रात्रि के समय अत्यधिक कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में वाहन चालक सामने चल रहे वाहन, पैदल यात्री, साइकिल सवार, पशु या अचानक आने वाले अवरोध को समय पर नहीं देख पाते, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।



### वाहनों से दूरी बनाकर चलें वाहन की स्पीड का रखें ध्यान

विदिशा पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं और आगे–पीछे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। हेडलाइट, टेल लाइट एवं फॉग लाइट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा हाई बीम लाइट का अनावश्यक प्रयोग न करें। दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य पहनें। इसके साथ ही ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, गलत साइड वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णत: बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आपकी सतर्कता ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

## विधायक ने आदिवासी बस्ती में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत ग्राम इमलिया में विधायक हरिसिंह सप्रे ने डीपी का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद वह आदिवासी बस्ती में पहुंचे। जहां उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों के साथ पारंपरिक भोजन कढ़ी, भाजी, लहसुन की चटनी ज्वार की रोटी खाई।

शासन की योजनाओं की जानकारी दी। विधायक सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य आदिवासी अंचलों में मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करना है। सरकार हर समाज और हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा आदिवासी क्षेत्रों में बिजली,



सड़क, पानी और आवास जैसी सुविधाएँ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, जेई मदन अहिरवार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शानमिया खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने डीपी स्थापना से विद्युत सुविधा में सुधार होने पर खुशी जताई और आभार जताया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5325
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6530
चना
न्यूनतम भाव- 4100
उच्चतम भाव- 5100
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5750
ज्वार
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5960
मक्का
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव- 1675
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3050
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3480
धनिया
न्यूनतम भाव-8310
उच्चतम भाव-8310
उड़द
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6400

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 15318 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रदर्शन आज

**गंज बासौदा।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बांग्लादेशी जिहादी मानसिकता का पुतला दहन बुधवार, शाम 4:30 बजे, जय स्तंभ चौक में किया जायेगा। विहिप ने है अधिक से अधिक संख्या में हिंदुओं से सिद्धेश्वरी माता मंदिर तहसील के सामने एकत्रित होने की अपील की है।

# विधान सभा के मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों ने प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम S.I.R. अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित निर्देशों के पालन में मंगलवार को 145 बासौदा विधानसभा क्षेत्र में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन संबंधित सभी 278 मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किया गया। इसके पूर्व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन पटवारी सभागृह में किया गया। जिसमें सभी को प्रारूप-5, मतदाता सूची के प्रकाशन, फॉर्म 6, 7, 8 तथा अनुलग्नक-4 संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। सभी BLO को प्रारूप मतदाता सूची सौंपकर मतदान केंद्रों पर रवाना किया गया। इस अवसर पर भाजपा की ओर से जितेंद्र मैना, नीलेश मीणा, नीरज यादव, कांग्रेस की ओर से प्रकाश मिश्रा, बीडी शर्मा, बहुजन समाज पार्टी की ओर से दिनेश अहिरवार तथा आम आदमी पार्टी की ओर से देवेंद्र केवट सहित सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अरविंद यादव, नायब तहसीलदार अनुराग रावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद तपस्या जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव, मास्टर ट्रेनर अभय कुमार शर्मा, अजय शर्मा, संजीव टंडन, अरविन्द भास्कर, संदेश मिश्रा, संजय अहिरवार, सहित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं विभिन्न दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।


गंजबासौदा। प्रारुप मतदाता सूचियों का प्रकाशन करते अधिकारी


गंजबासौदा। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारुप मतदाता सूचियों का प्रकाशन करते कर्मचारी

### कृषि उपज मंडी में नीलामी एवं तुलाई कार्य बंद कर व्यापारियों ने दिया धरना

# किसान और व्यापारी भिड़े, इसके बाद हो गया व्यापारियों का वकील के साथ विवाद

**जयस्तंभ चौक पर गल्ला व्यापारियों के धरना प्रदर्शन के दौरान वकीलों से हुआ विवाद, पुलिस ने किया मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मंडी में किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसके बाद दोनों पक्षों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने मंडी के बाहर धरना दिया, वहीं व्यापारियों ने मण्डी में नीलामी एवं तुलाई कार्य बंद कर जय स्तंभ चौराहे पर चक्का जाम लगा कर दिया, जिससे नगर के सभी मार्ग अवरुद्ध हो गए। किसानों का आरोप है कि व्यापारियों ने उनकी उपज के अलग-अलग भाव लगाए और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। नीलामी के बाद उपज के अलग-अलग भाव मिलने से किसान नाराज थे। इसी गुस्से में किसान मंडी के बाहर धरने पर बैठ गए। दूसरी ओर, व्यापारियों का कहना है कि किसानों ने उनके साथी मनोज सदाना और मनीष अग्रवाल के साथ मारपीट की।

व्यापारियों ने नीलामी के दौरान खुद को असुरक्षित महसूस करने की बात कही। नाराज व्यापारी जय स्तंभ चौराहे पर एकत्रित हुए और चारों मार्ग बंद कर धरने पर बैठ गए। प्रशासन को व्यापारियों के धरने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसडीओपी शिखा भलावी ने व्यापारियों से चर्चा की,लेकिन व्यापारी अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों द्वारा समझाईश देने के बाद चक्काजाम हट सका।

ज्ञात हो कि कृषि उपज मंडी में आए दिन किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है, जिसके कारण शहर में अक्सर जाम की स्थितियां निर्मित हो रही हैं। प्रदर्शन के दौरान सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया सहित पुलिस बल मौजूद रहा।


गंजबासौदा। जय स्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन करते मण्डी व्यापारी


गंजबासौदा। व्यापारियों को समझाईश देती एसडीओपी शिखा भलावी

### प्रदर्शन के दौरान व्यापारी और वकीलों में हुआ विवाद

**गंजबासौदा।** गल्ला व्यापारी और किसान के बीच हुए विवाद के दौरान जय स्तंभ चौक पर व्यापारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कुछ व्यापारी और वकील के बीच कहा सुनी हो गई। जो इतनी बड़ी कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसके चलते वकील द्वारा गाली, गलौंज करने के आरोप लगाते हुए लगभग डेढ़ दर्जन व्यापारी उनके पीछे दौड़ गए और अभिभाषक एसोसियेशन हॉल तक पहुंच गए और उनके साथ हाथापाई कर दी। वहां मौजूद पुलिस बल ने सभी को बल पूर्वक खदेड़ा और मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन मामला शांत न होने पर वकील की शिकायत पर सात नामजद व्यापारियों सहित कुछ अज्ञात व्यापारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं व्यापारियों की भी शिकायत लेकर पुलिस ने उनके आरोपों की भी जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर संगोष्ठी संपन्न


गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गणित विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय "गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान" रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने सरस्वती पूजन कर किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में गणित के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार सेन, सहायक प्राध्यापक गणित ने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी में छात्राओं ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में "वैदिक गणित का वैशिष्ट्य" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता प्रभारी अनिशा भारद्वाज, डॉ. रागिनी वर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में 10 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचीन भारतीय गणितज्ञों एवं उनकी पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसके प्रभारी डॉ. बृजेश वर्मा एवं डॉ. पुष्पा बर्डे सहित महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## आप पार्टी ने रखी अतिक्रमण हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आम आदमी पार्टी द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूर्ण कराने एवं शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर आप पार्टी के कार्यकर्ता देवेन्द्र केवट के नेतृत्व में वार्डवासियों ने नपा के बाहर धरना प्रदर्शन किया। वार्डवासियों का कहना है कि लोगों का सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर WBM का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। मिर्जापुर, घोड़ापीर वाली गली की नालियों का पानी रहवासी घरों के आस-पास भरा हुआ है, जिससे मच्छर एवं जहरीले जीव जंतु पनप रहे हैं, गंदगी के चलते बीमारियाँ फैल रही हैं, उनकी नियमित सफाई की जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रमोद शर्मा, राजेश तामेश्वरी, अजीत कुमार जैन, अमित कुमार मिश्रा, रंजीत, राहुल, आसिफ खान, रामकृष्ण, राकेश, सोनू मालवीय, मनीषा रैकवार, राधा केवट, सविता मालवीय, सवाना बी, शन्नो बी सहित वार्ड की अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज करेगा प्रदर्शन

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गंज बासौदा इकाई द्वारा ग्राम रजोदा स्थित खेल स्टेडियम में लंबे समय से व्याप्त अव्यवस्थाओं, बदहाल रख-रखाव एवं खिलाड़ियों को हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया जाएगा। परिषद द्वारा बुधवार को दोपहर 1 बजे से रजोदा खेल स्टेडियम परिसर में उक्त समस्याओं के समाधान के लिए प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन में समस्त खेलप्रेमियों, खिलाड़ियों एवं जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

# श्री रामलीला मेला में सारेगामा गायन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवगंज बासौदा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामलीला मेला का आयोजन नवीन बस स्टेण्ड परिसर बरेठ रोड पर दिनांक 25.12.25 से 14.01.26 तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्थानीय गायन प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से सारेगामा गायन प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया जा रहा है। इसमें 5 वर्ष से 16 वर्ष तक जूनियर वर्ग एवं 16 वर्ष से 30 वर्ष तक सीनियर वर्ग एवं 30 वर्ष से उपर सुपर सीनियर वर्ग नियत किया है। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विजेता प्रतिभागी को 11000/-रू. नगद एवं ट्राफी, उपविजेता को 5100/-रू. नगद एवं ट्राफी व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 2100/-रू. नगद एवं ट्राफी प्रदान की जावेगी। जिसमें नगर के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं से प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की गई है। चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 27.12.2025 को सुबह 10 बजे से शा.कन्या उ. मा. विद्यालय में शामिल होने हेतु आडिशन में सम्मिलित होना अति आवश्यक है। प्रतिभागी आधार कार्ड की प्रतिलिपि लेकर उपस्थित हो सकते हैं।



# अनिल दाऊ फाउंडेशन ने सर्दी से बचाने के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कडकडाती सर्दी में रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर सो रहे जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन द्वारा समय समय पर जरूरतमंदों की मदद के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते रहते हैं। गर्मियों में फाउंडेशन के सदस्य आदिवासी बस्तियों, गांवों में पहुंचकर आदिवासी परिवारों को पैरों में पहनने चप्पल भेंट करते हैं, वहीं बच्चों को आइस्क्रीम, मिठाई, टॉफी भेंट की जाती हैं। इसके अलावा समय समय पर श्मशान घाट की साफ सफाई की जाती है। नववर्ष की शुरूआत भी श्मशान घाट की सफाई से ही की जाती है। गत दिवस भी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव के जन्मदिवस पर फाउंडेशन सदस्यों ने रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर जबरदस्त सर्दी में खुले आसमान के नीचे पर्याप्त कपडों के बिना सोने वाले जरूरतमंदों, गरीबों एवं यात्रियों को कंबल ओढाए और कुछ को कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। फाउंडेशन के सदस्यों ने अपील की कि समाजसेवी संस्थाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक इस भीषण सर्दी में अपने आसपास गरीबों, जरूरतमंदों का लोगों का ध्यान रखें और अपने पुराने या अनुपयोगी स्वेटर, कंबल, गर्म कपडे आदि ऐसे जरूरतमंदों एवं गरीबों को प्रदान करें ताकि इस भीषण सर्दी में वे भी अपना बचाव कर सकें और सुरक्षित रहें।



### शासकीय शाला काला पठार में हुआ आयोजन

# जन्मदिन पर मिठाई, कॉपी, पेन, वितरित


गंजबासौदा। जन्मदिन मनाते, परिजन, विद्यार्थी एवं विद्यालयीन स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी के पोत्र आद्विक रघुवंशी के द्वितीय जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार के छात्र ,छात्राओ को पेन, कापी और मिठाई बांटी गई। रघुवंशी अपने पौत्र और परिजनों सहित शाला पहुंचे तो शाला के छात्र, छात्राओं और स्टॉफ द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। शाला में स्वयं का अनुभव बढ़ाने की दृष्टि से निःशुल्क शिक्षा दे रही स्वयंसेविका और पूर्व छात्रा आरती अहिरवार ने कहा कि शाला प्रभारी ने छात्रों के लिए बहुत कुछ किया है। वह हमेशा शाला और छात्रों के हित मे कार्य करते ही रहते हैं तो हमारा भी फर्ज है हम सर के परिवार को अपना परिवार मानकर उनकी खुशी मे सम्मिलित हों। वहीं शिक्षक गोपाल दास अहिरवार ने आद्विक को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि ईश्वर आद्विक को अपने दादाजी के पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दें। शाला मे पदस्थ शिक्षक रानी रघुवंशी ने आद्विक को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उसके उत्तम भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। आद्विक की माता वैशाली रघुवंशी, चाची शिखा रघुवंशी ने शाला के बच्चों को शुभकामनाएं दीं। छात्र छात्राओ ने शाला परिवार और आद्विक के साथ मिलकर खुशी मनाई। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह रविन्द्र रघुवंशी, नंदनी, माही, कंचन अहिरवार, समूह अध्यक्ष गंगा सैन, रसोईया ओमवती लोधी आदि उपस्थित थीं।

### पाइप लाइन बिछाने का किया निरीक्षण



**गंजबासौदा।** नगर में इन दिनों नगर पालिका द्वारा पूर्व में जलप्रदाय लाइन बिछाने से वंचित रहे वार्डों, गलियों एवं बस्तियों में नवीन जलप्रदाय लाइन बिछाने का काम कराया जा रहा है। जिससे नगर के सभी वार्ड एवं गलियां नवीन लाइन से जुड सकें और सभी नागरिकों को पर्याप्त जलप्रदाय हो सके। इसी के तहत वार्ड क्रमांक 1 की कुछ छूटी हुई गलियों में जलप्रदाय लाइन बिछाई जा रही है। जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि नितिन यादव ने नपा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा में और नागरिकों की सुविधानुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के स्थापना दिवस पर खिदमत सप्ताह शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सेवा हमारा धर्म है,राष्ट्र हमारी पहचान - कादरी गंजबासौदा । मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा 24 दिसंबर संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर खिदमत सप्ताह का शुभारंभ गंज मे छोटे छोटे बच्चो को स्वेटर व मोजे वितरण कर किया गया । इस अवसर पर गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच द्वारा सप्ताह भर राष्ट्रसेवा, गौ सेवा , सामाजिक समरसता, शिक्षा,पर्यावरण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनकल्याण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंच का खिदमत सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि खिदमत, सेवा का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और हर नागरिक स्वयं को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ महसूस करे।

श्री कादरी ने बताया मंच का स्पष्ट विश्वास है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता के माध्यम से ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। संगठन स्थापना सप्ताह के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और सामाजिक एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मंच के पदाधिकारीगण व कार्य कर्ता बंधुऔ व समाजजनो से अनुरोध है कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सेवा, समरसता एवं राष्ट्रनिर्माण के इस अभियान को सफल बनाएं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गायक कलाकार राजेश नेमा जबकि अध्यक्ष गायत्री परिवार के राकेश कुमार पांडे थे । इस अवसर पर नवाचार कर बच्चो मे विभिन्न शैक्षिक कौशल विकसित कर स्कूल मे बच्चो की संख्या बढाने व अधिक से अधिक बालिकाऔ को शाला मे नामांकन कराने वाले विकास खंड के बेह्तरीन श्रेष्ठ गुरूजनो शिक्षको अनीता ठाकुर, नवनीता जैन, धर्मेंद्र दिवाकर, साधना कुलश्रेष्ठ, सुधा जैन, एजाज बानो, ज्योति भार्गव ,मदन बाबू जाटव का शाल श्रीफल व पुष्प मालाऔ से सम्मान किया गया । कार्यक्रम मे स्वदेशी अपनाने, प्रदूषण मुक्त भारत, दंगा-फसाद मुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, समर्थ भारत, सशक्त भारत ,विकसित भारत , साक्षर भारत की शपथ व संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम का समापन क्षेत्र के विधायक हरीसिंह रघुवंशी की माताजी कमला देवी, वस्त्र संघ उपाध्यक्ष विपुल समैया, नेत्र चिकित्सक पं डा रमेश चंद जैन, वरिष्ठ नेता राजकुमार मलकानी की माता कमला देवी ,उमाशंकर तिवारी चीफ इंजीनियर व अखाडे के उस्ताद मुनना भाई रंगरेज साइकल वालो के दुखद निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर समापन किया गया।


गंजबासौदा। बच्चों को सामग्री भेंट की गई।

### वेद व्यास ने अपने पहले ही प्रयास में प्राप्त किया कांस्य पदक, बढ़ाया अंचल का मान

# आदर्श के खिलाड़ियों ने 37वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो सागर में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जिला ताइक्वांडो संघ सागर द्वारा 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित 37वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के पांच खिलाड़ियों ने 02 रजत तथा 03 कांस्य पदक प्राप्त किए।

इस अवसर पर रजत पदक प्राप्त करने वालों में अक्षांश दांगी, वजन वर्ग अंडर 38 किलोग्राम, और तेजस्विनी कुशवाह वजन वर्ग अंडर 26 किलोग्राम शामिल है। वही कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में वेद व्यास, वेदांशी जैन और कनिष्का पालीवाल शामिल है। इस प्रकार अगस्त आइकन को क्लब के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल पांच पदक प्राप्त किए। वही दिव्यांश पटेल, आदविका भावसार





और वेद व्यास का प्रदर्शन प्रतियोगिता में बहुत शानदार रहा। प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब का कोई भी खिलाड़ी फर्स्ट राउंड में बाहर नहीं हुआ, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 14 खिलाड़ी आदर्श ताइक्वांडो क्लब में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोर्स सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

37वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कास्य पदक प्राप्त करने वाले वेद व्यास के पिता मंयक व्यास से जब हरिभूमि ने चर्चा की तो उन्होने बताया कि वेद व्यास सुबह 6 बजें उठकर ताइक्वांडो टेंनिंग में जुट जाता है। सागर में आयोजित 37वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में वेद ने अपने पहले ही प्रयास में कास्य पदक प्राप्त किया। हमें अपने पुत्र पर गर्व है कि उसकी महनत रंग लाई। वही उन्होने कहा कि ताइक्वांडो में दिन-रात मेहनत करना एक सराहनीय समर्पण है, जो कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह खेल सिर्फ शारीरिक फिटनेस से कहीं अधिक है, और इसमें निरंतर प्रयास से कई लाभ मिलते है। यह हृदय संबंधी स्वास्थ्य, शक्ति, सहनशक्ति, लचीलापन और चपलता में सुधार करता है। साथ ही गहन प्रशिक्षण फोकस, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता को बढ़ावा देता है, जो जीवन के अन्य पहलुओं में भी काम आता है। वही ताइक्वांडो प्रभावी आत्मरक्षा तकनीकें सिखाता है। जिससे सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है। इसी के साथ कौशल में महारत हासिल करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने से आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है। यह शारीरिक गतिविधि तनाव कम करने और मानसिक स्पष्टता प्रदान करने का एक शानदार तरीका है।

### सांसद खेल महोत्सव में सांसद ने विजयी खिलाड़ियों को सागर में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए किया आमंत्रित

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें आगे बढ़ाना इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है: सांसद लता वानखेडे



**सिरोंज।** सासंद खेल महोत्सव के अंतर्गत सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों से चयनित खिलाड़ियों के फाइनल मुकाबले एवं समापन समारोह का आयोजन शासकीय सांदीपनि विद्यालय ग्राउंड में उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सागर सांसद श्रीमती डॉ लता वानखेड़े रहीं। वही उन्होंने खिलाड़ियों से आत्मीय परिचय प्राप्त कर उनके प्रदर्शन की सराहना की और प्रतियोगिता का औपचारिक समापन किया। सांसद डॉ लता वानखेडे ने फाइनल में विजयी खिलाड़ियों को सागर में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें आगे बढ़ाना इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है। इस मौके पर समारोह के दौरान मंच पर सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी,एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,बीईओ उमेश सोनी,प्राचार्य महेश तामक्रार सहित शिक्षा विभाग अधिकारी व शाला का समस्त स्टाफ एंव भाजपा कार्यकर्ता रितिक रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में खेल भावना, अनुशासन और ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। यह आयोजन क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा और अवसर का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसने खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### सांसद एवं भारत स्काउट गाइड की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लता वानखेड़े ने जबूंरी में परचम फहराने वाले छात्रों को दी बधाई

## सांसद बोलीं: मुझे बहुत खुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की स्काउट गाइड ने देशभर में क्षेत्र का परचम फहराया



**सिरोंज।** क्षेत्रीय सांसद एंव भारत स्काउट गाइट की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लता वानखेडे क्षेत्र के दौरे पर सासंद खेल महोत्सव के आयोजन पहुची तो उन्हें आयोजन के दौरान शहीद भगत सिंह स्काउट गाइट दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात सासंद ने स्काउट गाइड के छात्रो से चर्चा करते हुए पूछा कि अभी लखनऊ में आयोजित जंबूरी यात्रा में विदिशा जिला पूरे देश में प्रथम आया। इस बारे में छात्रो से विस्तार से चर्चा की और सभी छात्रों को बधाई दी। वही उन्होने कहा कि मुझे बडी खुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के स्काउड ने पूरे देश में अपने क्षेत्र का परचम फहराया है। उन्होने छात्रो से कहा कि शीघ्र ही आपके सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुचकर में आप सभी का सम्मान करूंगी। वही भारत स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि हमारे विदिशा जिले की स्काउट ने जो जंबूरी शिविर में परचम फहराया है। उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और स्काउट गाइट के उन छात्रो का मनोबल बडाने के उध्ेश्य है और उन छात्रो का सम्मान किया जाएगा। वही कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे,विधायक,जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहेंगें। क्योकि उक्त जंबूरी दल का नेतृत्व स्काउट गाइट के जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी एंव श्रीमति अनिता सोनवानी द्वारा किया गया था।

## नगर पालिका आपके द्वार अंतर्गत शिविर में जलकर और संपत्तिकर आदि की बकाया राशि हुई जमा



**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश अनुसार 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। वही नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा नगर पालिका आपके द्वार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9,10,11 एवं 12 का शिविर कस्टम पथ आबकारी विभाग के पास लगाया गया। जिसमें संपत्ति कर,समेकितकर,जलकर एवं अन्य कारों का बकाया राशि जमा कराई गई। साथ ही वार्ड में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। शिविर के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन की संचालित योजनाओं से हितग्राहियों को अवगत कराया गया तथा शिविर में आए हितग्राहियों के आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया । नपा द्वारा आयोजित शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,पार्षद प्रतिनिधि जयनारायण सेन,धर्मेंद्र जैन,संजय सोनी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू सहित नपा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बजरंग दल प्रांत संयोजक अवदेश तिवारी का अल्प प्रवास पर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सिरोंज।** चम्बल नवराष्ट्र बजरंग दल के प्रांत संयोजक एवं मार्गदर्शक अवदेश तिवारी का अल्प प्रवास के दौरान बजरंग दल के पूर्व जिला सह संयोजक रिंकू सुमन के निवास पर सिरोंज पहुंचे। इस अवसर पर रिंकू सुमन एवं उनके साथी शैलेंद्र रजक ने शाल श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मानपूर्वक अभिवादन किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

## अवैध अतिक्रमण पर राजस्व विभाग और नपा ने की संयुक्त कार्रवाई



**सिरोंज।** नगर के बासौदा नाका व तहसील रोड पर फैले अतिक्रमण पर राजस्व विभाग व नपा की संयुक्त कार्यवाही देखने को मिली। तहसीलदार संजय चौरसिया व नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नपा अमले के साथ तहसील रोड व बासौदा नाके पर फैले अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए गुमठी,चाय नाश्ता ठेलो वालो को हटवाया। साथ ही नपा ने अतिक्रमकारियो को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि पुनः यहा अतिक्रमण किया गया तो नपा द्वारा चालानी के साथ गुमठी,दुकाने आदि की जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### संपर्क जनसहयोग अभियान जारी

## श्रीजी महिला मंडल के तत्वावधान में भागवत कथा की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

श्रीजी महिला मंडल शक्ति नगर के तत्वाधान में सातवें वर्ष में 25 से 31 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है श्रीजी महिला मंडल की पदाधिकारी सदस्य महिलाओं द्वारा कथा में पधारने का निमंत्रण एवं सहयोग धनराशि भी प्राप्त की जा रही है



श्रीजी महिला मंडल के तत्वाधान में होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस 25 दिसंबर को नगर की परंपरा अनुसार प्राचीन श्रीजी मंदिर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वृंदावन धाम से पधारने वाले कथा व्यास मुकुंद माधव शास्त्री द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा के प्रमुख प्रसंग का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। शक्ति नगर की मधुबन कॉलोनी डेस्टिनेशन स्कूल के पास कथा आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है।

# शासकीय कन्या हाई सेकंडरी में प्राचार्य की मनमानी कार्य प्रणाली, अतिथि शिक्षक का रोका दो माह से वेतन

### मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से जूझ रहा परिवार, वेतन न मिलने से खर्च के लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी बाड़ी के प्राचार्य की मनमानी कार्य प्रणाली से शिक्षा विभाग और प्राचार्य हमेशा अखबारों की सुर्खियां में बने रहते हैं। सिलवानी जनपद शिक्षा केंद्र में लाखों के भ्रष्टाचार फर्जीवाड़े के आरोपी शासकीय कन्या शाला के प्राचार्य के रूप में विवादास्पद बने हुए हैं।

पूर्व में प्राचार्य घनश्याम मेहर एवं उनके सहयोगी केशव नामदेव शिक्षक के विरुद्ध ताहिर शाह और उनकी पत्नी निकहत शाह द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने मारपीट की थाने में रिपोर्ट शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा दोषियों पर कार्रवाई न कर उल्टा समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। अतिथि शिक्षक द्वारा अपने और अपने पति के साथ हुई घटना की सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई है।

शासकीय कन्या शाला बाड़ी में 1998 से कार्यरत ताहिर शाह को ढाई महीने से वेतन नहीं मिला है। 16 अक्टूबर 2025 को




प्राचार्य मेहर ने विज्ञान विषय का पद रिक्त ना होने से जिला कार्यालय रायसेन के लिए कार्य मुक्त किया। जिला कार्यालय में शिक्षक संवर्ग का कोई पद नहीं होता।

14 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी ने आगामी आदेश तक शास. माध्यमिक शाला कनवार भेज दिया, ताहिर शाह को लगभग ढाई महीने का वेतन न मिलने से आर्थिक परेशानियों और मानसिक प्रताडन्ना से जूझना पड़ रहा है। प्राचार्य मेहर की मनमानी कार्य प्रणाली के कारण ताहिर शाह का चयन होने कॉलेज में फीस जमा करने के बाद भी रिलीव ना करने के कारण डी.एड. की परीक्षा से वंचित रह गए।

#### शिकायत वापसी का दबाव

ताहिर शाह की पत्नी निकहत शाह शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी बाड़ी में अतिथि शिक्षक हैं, उन्हें निरंतर परेशान किया जा रहा है। पति-पत्नी ने प्राचार्य मेहर के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट की सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई है। अतिथि शिक्षक निकहर शाह को भी दो माह से वेतन नहीं मिला है प्राचार्य उनके साथियों द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

#### वेतन नहीं मिलने से भरण पोषण हो रहा मुश्किल

मेरे पति के साथ मारपीट अभद्रता प्राचार्य मेहर द्वारा की गई, जिसकी पुलिस थाने में शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्राचार्य के सहयोगी शिक्षक नामदेव हमेशा उपस्थिति रजिस्टर छुपा देते हैं, हस्ताक्षर नहीं करने देते। मेरे पति को ढाई माह और मुझे दो माह से वेतन नहीं मिलने से मानसिक प्रताडन्ना और आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। घर का खर्च, बच्चों की फीस, लोन की किस्त चुकाने नोटिस मिल रहे हैं।

**-श्रीमती निकहर शाह,** अतिथि शिक्षक, शास. कन्या हाई सेकेंडरी बाड़ी

## पीएमश्री कन्या हाई सेकंडरी में हुआ साइकिल का वितरण



### 48 छात्राओं को राज्यमंत्री पटेल ने निशुल्क साइकिल वितरण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पीएमश्री कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं प्राचार्य यू एस अहिरवार द्वारा राज्य मंत्री पटेल का बैंड बाजे आतिशबाजी कर स्कूल आगमन पर स्वागत किया गया।

#### साइकिल पाई, खिले चेहरे

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में हुए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा की पूर्ण मनोयोग से तैयारी करें।असफलता मिलने पर निराश ना हो प्रयास करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# अमरावत के खेत में मिली जैन समाज की प्राचीन पाषाण प्रतिमा

### खरगोन एवं अमरावत कलां में मिलती हैं प्राचीन प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

51 नदी किनारे बसा कस्बा खरगोन में जब भी खुदाई होती है तब प्राचीन मूर्तियां निकलती हैं। इसी प्रकार की स्थिति बाड़ी के ग्राम अमरावत कलां की है। जहां खुदाई के दौरान जैन समाज से संबंधित पाषाण प्रतिमाएं मिलती हैं।

पिछले दिनों किसान जाकिर अली जब अपने खेत में ट्रैक्टर चला रहे थे ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में बड़ा पत्थर फंसा नजर आया। जब उसे बाहर निकाल कर देखा तो जैन समाज से संबंधित प्रतिमा थी। किसान जाकिर अली ने प्रतिमा की सूचना बाड़ी जैन समाज की समिति को दी मूर्ति उठाकर अतिशय क्षेत्र बाड़ी ले जाया गया इससे पूर्व स्कूल



ग्राउंड पर रखी प्रतिमा को बाड़ी मंदिर ले जाया जा चुका है।

#### खरगोन में खोना बाबा

बरेली तहसील के कस्बा खरगोन में 51 नदी एवं अन्य स्थानों पर खुदाई में अनेक जैन प्रतिमान निकल चुकी है। एक विशाल आदिनाथ भगवान की प्रतिमा खोना वाले बाबा के रूप में लोग वस्तुएं गुम जाने पर प्रार्थना किया करते थे। तीन वर्ष पूर्व जैन मुनि ने उक्त प्रतिमा की पहचान की अब खरगोन के खोना वाले बाबा जैन समाज द्वारा कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इससे पूर्व में खरगोन में निकली पाषाण प्रतिमा बरेली के विश्रामगृह में रखी हुई है।

ऐसी मान्यता है 51 नदी किनारे 51 मंदिर हुआ करते थे यह क्षेत्र जैन धर्म शिव शक्ति का विशेष क्षेत्र रहा होगा। खरगोन के निकट जामगढ़ भगदेही और बापौली अति प्राचीन स्थान है। जामगढ़ में जामवंत एवं भगवान श्रीकृष्ण के बीच स्मयंतक मणि के लिए युद्ध और श्री कृष्ण का जामवंती से विवाह के कारण श्री कृष्ण की ससुराल भी माना जाता है।

### राज्यमंत्री पटेल ने उपहार में मिली वस्तुओं का किया वितरण

### सात मंडलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं में हुआ उपहार सामग्री वितरण बनी मिसाल

# जो भी मुझे मिला वह आपके कारण मिला इस पर आपका पूरा हक : राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भाजपा के विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यशाला के समापन पर क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विभिन्न अवसरों पर उपहार में मिली वस्तुओं को विधानसभा के सभी सात मंडलों के कार्यकर्ताओं को वितरण कर अनूठी मिसाल पेश की गई। लॉटरी सिस्टम से कीमती उपहार सामग्री मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी प्रसन्नता और उत्साह का माहौल बना रहा।

भाजपा के विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी सात भाजपा मंडलों से 1400 कार्यकर्ताओं को अपेक्षित कर बुलाया गया था जबकि कार्यक्रम में



लगभग 2000 कार्यकर्ताओं की उत्साह पूर्वक उपस्थिति रही। कार्यक्रम 11 बजे के स्थान पर दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ। इस बीच मंच के बड़े पर्दे पर संसद में एस आई आर के संबंध में देश के गृहमंत्री अमित शाह का वीडियो वक्तव्य कार्यकर्ताओं को दिखाया गया। मतदाता सूचियों के कार्य की कितनी महत्ता है, इससे अवगत कराया गया इसी के साथ गीत संगीत का कार्यक्रम भी चलता रहा।

मंच पर अपने उद्बोधन के दौरान राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की ताकत बताया और कहा कि जो कुछ भी मुझे विधायक मंत्री के नाते उपहार सामग्री मिली है। वह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत सक्रियता के कारण मिली है इस मिली सामग्री पर मुझसे अधिक आपका अधिकार है। राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि कीमती चांदी के गिलासों का सेट सोने की पॉलिश की गई मूर्तियों, पेंटिंग, विभिन्न आकार के चित्र, सवाल बर्तन, शॉल सहित अन्य जो कुछ भी मिला वह आपको अर्पण है। 7 मंडलों के अलग-अलग स्टॉल लगाकर पर्ची निकाली और उन पर अंकित नंबर के अनुसार विभिन्न उपहार सामग्री का लगभग 1400 भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शिवाजी पटेल, जोधाराम ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, अवनीश पालीवाल सहित सभी सात मंडलों के अध्यक्षों जनपद अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नरेंद्र कुमार शर्मा पुत्र श्री गोपी लाल जी शर्मा आयु 62 वर्ष निवासी ग्राम चिरावटा हाल मुकाम वार्ड क्रमांक 29 बंटी नगर विदिशा जिला विदिशा म.प्र. । मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, बैंक खाता आदि में मेरा नाम नरेंद्र कुमार शर्मा दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा पॉलिसी क्रमांक 352105197 एवं 352083121 में मेरा नाम श्रीलाल त्रुटिवश अंकित हो गया है। मैं अपनी बीमा पॉलिसी में अपना नाम नरेंद्र कुमार शर्मा दर्ज करना चाहता हूं।अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम नरेंद्र कुमार शर्मा पुत्र श्री गोपी लाल शर्मा जी के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक CZ 071784

## खबर संक्षेप

### किसान दिवस पर किया किसानों का सम्मान

**रायसेन।** कृषि विज्ञान केंद्र, नकतरा द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस पर रबी फसलों की उन्नत तकनीकी की जानकारी, प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि, दुष्यंत कुमार धाकड़, सहायक संचालक कृषि, जितेन्द्र नामदेव, वैज्ञानिक रंजीत सिंह राघव, डॉ. मुकुल कुमार, आलोक कुमार सूर्यवंशी, डॉ. ब्रहमानंद शुक्ला, पंकज भार्गव, सुनील केथवास, किसान अरविंद नामदेव, राधेश्याम, पूरन लोधी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया व उसके पश्चात तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों एवं महिला किसानों ने भाग लिया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 26 को

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अनमोल 2.0 की वर्तमान स्थिति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, दस्तक, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## अटल स्मृति वर्ष कार्यशाला और सांची विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित

# एक बार फिर भारत देश विश्व गुरु बनेगा: सुधीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

भाजपा जिला संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल बोले कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बने। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की सेवा करना राजनीति में ध्येय पूरा होगा। भारतीय संस्कृति को बचाए रखना भाजपा की पूरी जिम्मेदारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले की चारों विधानसभाओं में अटल जी की स्मृतियों का होगा संकलन यह अभियान 31 जनवरी से विशेष तौर पर चलाया जाएगा जो फरवरी तक चलेगा विरासत सम्मेलन। इस विशेष अभियान में सभी विधानसभा क्षेत्र में जीवन दर्शन और उनके योगदान पर आधारित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल जी के विकास कार्यों की उपलब्धियां और योगदान पर फोकस किया जाएगा। यह आयोजन 24 से 31 दिसंबर तक चलेंगे। वहीं 25 दिसंबर को अटल जी की स्मृति दिवस पर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र में संगोष्ठी होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सांची राकेश शर्मा, मंजू पाठ्य, जमना सेन, धीरेन्द्र सिंह, नपाध्यक्ष सविता सेन, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, मंजू कुशवाह, कल्याण सिंह अहिरवार, रेवा पप्पू अहिरवार, आदित्य शर्मा, बबलू ठाकुर, अंशुल शर्मा, भूपेंद्र वर्मा, कन्हैया सूरमा, ऊषा सोनू मीणा आदि उपस्थित रहे। जबकि मंच संचालन राकेश तोमर ने किया। आभार व्यक्ति बीजेपी नेत्री मंजू धीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने माना।




### मेट्रोपॉलिटन सिटी में रायसेन तथा सांची, विदिशा को भी किया शामिल

बीजेपी विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि एसआईआर कार्य की स्थिति कैसी है। इसमें सभी नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। सभी व्यक्तियों को विकास की आकांक्षाएं होती हैं यदि क्षेत्र को विकसित बनाना है तो सभी को आगे आना होगा।

डॉ मोहन सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल कीविकास उपलब्धियां एवं जन कल्याण कारी योजनाओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। सांची विधानसभा क्षेत्र में विकास से अछूती नहीं है। किसी को बढ़ावा देने के क्षेत्र में बहुत काम किए हैं। किसान की संगोष्ठी की और उनसे राय मशविरा भी लिए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा अच्छी तरह से काम कर रही है। जिससे विपक्ष के सारे नेता राजनीति में घुसपैठ के लिए मुंह ताक रहा है। उसके पास ना तो कोई विजन है और ना विकास का मिशन है। फिर भी राजनीति में हाथ पैर मार रहा है। लाडली बहनों के खाते में हर महीने अब 1500 रुपए आ रहे हैं. पूरे क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं जिससे 5 लाख रुपए तक का इलाज मरीजों का संभव हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि गीता भवन हर नगर कस्बे में बनाए जाएंगे। मरीज को अन्य प्रदेश में मरीजों को इलाज के लिए पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है मेट्रोपॉलिटन सिटी में रायसेन सांची विदिशा को भी शामिल किया गया है। फोरलेन सड़क की सुविधा भी जल्दी लोगों को मिलेगी। अब भोपाल रायसेन से विदिशा कानपुर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। जल्दी ही सौगात जनता को मिलेगी। 200 करोड़ की लागत से एमपीआरडीसी के जरिए रायसेन से राहतगढ़ मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। सांची विधानसभा क्षेत्र में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

रायसेन शहर सुंदर और विकसित बने यही मंशा है। अटल जी की जयंती मनाने के साथ विकास कार्यों की 2 वर्ष की उपलब्धियां के कंप्लीट वितरित कराए जाएंगे। राकेश तोमर के पास जानकारी उपलब्ध कराएं। प्रदर्शनी की जानकारी यशवंत बबलू मीणा, ब्रजेश चतुर्वेदी, अटल स्मृति दीपेंद्र सिंह, मंजू धीरेन्द्र सिंह प्रभारी रहेंगे।

### सांची विस के कार्यकर्ता सम्मेलन में मीडिया से रखा परहेज

मंगलवार की शाम श्रीराम परिसर में आयोजित सांची विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में मीडिया से परहेज रखा गया। जबकि श्रीराम परिसर के भाजपा मीडिया सेल के प्रभारी द्वारा पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को फोन लगाकर इस आयोजन की बार-बार जानकारी दी गई थी। उधर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन में मीडिया से दूरियां रखी गई थी। आखिर सांची विधानसभा सम्मेलन में इस तरह की राजनीतिक द्वेष भावना आखिर क्यों सामने आ रही हैं। यह जनचर्चा का विषय बना हुआ है। इससे तो साफ जाहिर होता है कि सांची के विधायक और संगठन स्तर पर भाजपा के अध्यक्ष के बीच सही तरीके से पटरी भी नहीं बैठ पा रही है। अगर मीडिया से परहेज करना था तो फिर सभी मीडियाकर्मियों को मोबाइल फोन लगा कर जानकारी देना और इस आयोजन में दिखावा क्यों किया गया। जबकि रायसेन जिले में भी अटल स्मृति संगोष्टियां और पूरे चारों विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन होना है। ऐसे में यह विरोधाभास आखिर क्यों हो रहा है। इससे तो भाजपा को कहीं नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

### सांची विधानसभा को छोड़ केंद्र एवं प्रदेश सरकार की गिनाईं उपलब्धि

मंगलवार को अटल स्मृति संगोष्ठी में विधायक ने सांची विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में सांची विधानसभा क्षेत्र की कोई दो बड़ी उपलब्धियां नहीं गिना सके, बल्कि पुरानी विकास संबंधी घोषणाओं की बात करते रहे। वास्तव में यह घोषणाएं कब जमीन पर सरकार होगी, जिसका कहीं अता-पता नहीं है। जबकि स्थानीय विधायक केंद्र और प्रदेश की डॉ मोहन सरकार की ढेर सारी विकास उपलब्धियां गिनाते रहे। खुद दो सालों में क्या बड़ी विकास की सौगात दी नहीं गिना सके।

# बेटी का विवाह धन देखकर नहीं, गुण तथा संस्कार और चरित्र देखकर करें: पं. शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिलवानी

अंचल के पठा पौड़ी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में मंगलवार को कथा वाचक पं. कृष्णकांत शास्त्री ने अनेक सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहंच रहे है।

उन्होंने कहा कि बेटी का विवाह वर की धन, संपत्ति को देखकर नहीं, बल्कि उसके गुण, संस्कार और चरित्र को देखकर करना चाहिए। शास्त्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गुणवान व्यक्ति ही अपने सदाचार, परिश्रम और संस्कारों के बल पर जीवन में धन, यश और सम्मान अर्जित करता है, जबकि गुणहीन व्यक्ति के पास आया धन भी अंततः नष्ट हो जाता है।

पं. शास्त्री ने वर्तमान समाज की बदलती सोच पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज विवाह जैसे पवित्र कार्य में धन, पद और दिखावे को सर्वोपरि रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले समाज में विवाह से पूर्व कुंडली मिलान, पारिवारिक संस्कार, स्वभाव और आचरण को महत्व दिया जाता था।

## श्रीरामलीला में भगवान श्रीराम और माता सीता विवाह लीला की कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# मंडप में लिए सात फेरे, चारों राजकुमारों के पैर पखारने दर्शकों की रही भीड़

चारिउ भाइ बिबाहे जनकपुर। रघुकुल दीप प्रगटे सुखकर॥



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

मंगलवार को श्री रामलीला मेला में श्रीराम बारात जनकपुर पहुंची। जहां राजा जनक ने बारात अगवानी की और बारातियों का स्वागत अतिथि सत्कार किया। इसके बाद श्रीराम-सीता विवाह की प्रस्तुति कलाकारों ने दी।

स्वागत सत्कार के बाद सजाए गए मंडप में श्रीराम-सीता सहित लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न विराजमान हुए। मंडप में पंडितों ने सात फेरों के साथ भावर पड़वाई, इसके बाद पैर पखारने की लीला का मंचन किया।

लीला में भगवान श्रीराम-सीता सहित लक्ष्मण-उर्मिला, भरत-मांडवी, शत्रुघ्न-श्रुतकीर्ति के विवाह की रस्म पूरी कराई गई। इस अवसर पर मनभावन गीत सखियों द्वारा गाए। इस प्रकार से रामलीला में श्रीराम-सीता विवाह की आकर्षक प्रस्तुति की गई। जिसे देखने के लिए दर्शक रामलीला मैदान पहुंचे।



### दशरथ-कैकई संवाद आज

पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि श्रीरामलीला में आज बुधवार को कलाकारों द्वारा दशरथ दरबार व कैकई संवाद की आकर्षक प्रस्तुति की जाएगी। श्रीराम लीला मेला समिति के सभी पदाधिकारियों ने सनातन धर्म प्रेमियों से रामलीला देखने की अपील की है।

# तीर्थधाम ज्ञानोदय में हो रहा करणानुयोग शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏩ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज में स्थित तीर्थधाम ज्ञानोदय दीवानगंज में शनिवार से लेकर बुधवार तक करणानुयोग शिविर का संचालन किया जा रहा है। शनिवार को करुणानूयोग का उद्घाटन समारोह के साथ प्रारंभ हुआ था, जो बुधवार तक चलेगा। इस मांगलिक शिविर में करणानुयोग विषय विशेषज्ञ विद्वान विदुषी उज्जवला बहन एवं पं. दिनेश भाई शाह मुंबई के मंगल समागम का लाभ विद्यार्थी एवं उपस्थित साधर्मी भाई-बहनों के लिए प्राप्त हो रहा है।

अतः जो भी साधर्मी अभी भी इच्छुक हों तो वह शेष दिनों के लिए भी लाभ लेने के लिए उपस्थित सकते हैं।

# मुक्तापुर के पास बाइक चालक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में भोपाल रेफर

## पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए फरार अज्ञात चालक की तलाश शुरू की

### हाइवे-18 पर आए दिन हो रहे हादसों को कम करने सड़क को 4 लेन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर ट्रैक्टर चालक ने सामने से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल चालक को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। घायल को सांची सिविल अस्पताल भेजा जहां से विदिशा मेडिकल कॉलेज हालत अधिक बिगड़ने पर भोपाल रेफर किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात को ग्राम मुक्तापुर के पास भोपाल जा रहे लक्ष्मण सिंह राजपूत पिता राजाराम उम्र 45 वर्ष निवासी भोपाल को विदिशा की ओर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने सामने से टक्कर मार दी और मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। टक्कर से लक्ष्मण सिंह के सिर पर चोटें आईं हैं। घायल युवक को पुलिस ने सांची सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया था। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।



### घायल युवक ट्रैक्टर सुधरवाने गया था विदिशा

लक्ष्मण सिंह राजपूत सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल एमपी 04 क्यूटी 2339 से अपने ट्रैक्टर को सुधरवाने विदिशा ले गया था। ट्रैक्टर सुधर नही पाया तो ट्रैक्टर को मेकेनिक के पास ही छोड़कर वापस अपने घर भोपाल जा रहा था। तभी रास्ते में मुक्तापुर गांव में पाल ढाबे के सामने ट्रैक्टर न मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल छतिग्रस्त होने के साथ ही लक्ष्मण सिंह भी घायल हो गया।

### हादसों को रोकने बने 4 लेन

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है।

## आरोपी ने तीन लाख रुपए का कीमती बिजली का एल्युमिनियम तार चुराया था

# 3 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏩ सलामतपुर

थाना पुलिस ने तीन साल से बिजली कंपनी के एल्युमिनियम तार की चोरी के मामले में फरार स्थाई वारंटी सादिक खान पिता उस्मान खान उम्र 25 निवासी नबाब कालोनी निशातपुरा भोपाल की फॉर्मल गिरफ्तारी कर रायसेन न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध दो अलग अलग प्रकरणों में सलामतपुर थाने में अपराध दर्ज है।



थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि रायसेन एसपी आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देशन में फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान जोरों पर चल रहा है। इसी कड़ी में बिजली तार चोरी के दो अलग अलग मामलों में तीन साल से फरार स्थाई वारंटी सादिक खान को सांची पुलिस ने पकड़ा था। आरोपी सादिक की फॉर्मल गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया है।

आरोपी सादिक ने 2022 में दो बार कचनारिया गांव से बिजली लाइनों का एल्युमिनियम तार कीमती लगभग तीन लाख रुपए का चोरी किया था। आरोपी की तलाश में सलामतपुर पुलिस काफी समय से परेशान थी। आरोपी के गिरफ्तार होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## योजनाओं, छात्रवृत्तियों और करियर विकल्पों की दी जानकारी

### सत्र 2026-27 में प्रवेश को लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों में पहुंची कॉलेज की टीम

# शासकीय कॉलेज ने चलाया कॉलेज चलो अभियान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिलवानी

शासकीय महाविद्यालय सिलवानी द्वारा सत्र 2026-27 के लिए कॉलेज चलो अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को महाविद्यालय की टीम ने सिलवानी तहसील के विभिन्न शासकीय एवं पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूलों का भ्रमण कर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया और शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य मनोहर लाल कोरी के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा, डॉ. मृदुल सेन एवं सुमित बाजपेई ने तहसील के प्रमुख हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। टीम ने सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया का भ्रमण किया। इसके पश्चात पीएमश्री कन्या स्कूल एवं सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, सिलवानी में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन शिक्षा के महत्व से अवगत कराया।




कॉलेज चलो अभियान के दौरान विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में संचालित विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, सुविधाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय में शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ पात्र छात्र-छात्राएं प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू नवीन प्रवेश प्रक्रिया, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली और क्रेडिट आधारित व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

डॉ. लक्ष्मीकांत नेमा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं भारतीय ज्ञान परंपरा योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं जीवन कौशल विकास में मार्गदर्शन प्राप्त होता है। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिकए वैज्ञानिक एवं बौद्धिक विरासत से जोड़ा जाता है।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 12वीं में बेहतर अध्ययन कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया गया। महाविद्यालय टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि उच्च प्रतिशत अंक आगे की पढ़ाई और छात्रवृत्तियों के लिए सहायक सिद्ध होते हैं।

## हर साल जनवरी के महीने में होता है महायज्ञ

# डोलाघाट श्रीहनुमान मंदिर पर 14 वर्षों से लगातार चल रही रामायण

हरिभूमि न्यूज ⏩ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित डोलाघाट श्रीहनुमान मंदिर पर सात दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ एवं भागवत कथा का प्रारंभ होने जा रही है। जनवरी के पहले सप्ताह में हर साल यहां पर सात दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ, भागवत कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें लगभग 50 गांव से अधिक के ग्रामीण उपस्थित होकर कथा सुनते एवं प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण करते हैं।

14 वर्षों से लगातार रामायण पाठ दिन रात 24 घंटे निरंतर जारी है। चल रही है। इसमें श्रीश्री 1008 यग देव चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज द्वारा यहां पर हनुमान जी का मंदिर बनाया गया है। 14 वर्ष पहले हाईवे 18 पर स्थित डोला घाट पर आए दिन एक्सीडेंट हुआ करते थे, यहां पर एक-दोदिन में होनी अनहोनी हो जाति थी। इससे विचलित होते हुए ग्रामवासियों ने यहां पर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की गई। इसके पश्चात यहां लगातार रामायण का पाठ कराया जा रहा है और साल में एक बार जनवरी के महीने में भागवत कथा का प्रवचन किया जाता है। महायज्ञ की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मंदिर को रंग रोगन कर तैयार कर लिया है। महाराज गांव गांव घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से सहयोग मांग रहे हैं।

